## गागर में सागर

### अल्पसंख्यकों का अपमान सहन नहीं: डा. तौसीफ

**मेदिनीनगर।** शहर के परिसदन भवन में कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डा. एम तौसीफ ने कार्यकताओं के साथ पार्टी की मजबूती और विस्तार को लेकर गहन विचार- विमर्श किया। साथ ही पांकी विधायक के बयान की तीखी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को कम न समझें। एक दिन था जब अल्पसंख्यकों ने ही उनका साथ दिया था। अब काम निकल गया तो उन्हें बुरा भला कहते फिर रहे हैं। ये कांग्रेस पार्टी कदापि बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा कि एनसीपी विधायक कमलेश सिंह के समर्थन वापस लेने से सरकार पर कोई असर नहीं पडेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, राजेश चौरसिया, जितेंद्र कमलापुरी, जीशान खान, लक्ष्मी तिवारी मौजूद थे।

### रोजगार मेले से युवकों में उत्साह

**मेदिनीनगर।** झारखड छात्र मोर्चा के कार्यकताओं ने कहा कि पलामू प्रमंडलीय रोजगार मेला में शामिल होकर युवक खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 5132 युवाओं को ऑफर लेटर मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह रोजगार मेला झारखंड के युवाओं के लिए अवसर सृजन करने में सरकार के कठिन परिश्रम को दशार्ता है। सरकार ने न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को आशा और प्रोत्साहन भी दिया है। मौके पर सैय्यद फैजल, कौशल किशोर, कैफ कादरी, अभिषेक तिवारी, ओवेसी, आरजू, धीरज, आबिद अंसारी सहित तमाम छात्र मोर्चा के साथी शामिल हैं।

### मच्छरों की भरमार से बीमारियों का कोप



**मेदिनीनगर।** बदलते मौसम में मच्छरों की भरमार से मलेरिया आदि संक्रामक बीमारियों का प्रकोप चरम पर पहुंच गया है। मलेरिया व अन्य मलेरिया जनित बीमारियां जहां तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। वहीं मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में किसी भी स्तर पर मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। इस संबंध में निगम अथवा जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग के भी उदासीन रवैये से आम लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने डीसी का ध्यान आकृष्ट तत्काल शहर के सार्वजनिक स्थलों पर मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराये जाने की मांग की है।

### ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की बढी मुसीबत




**मेदिनीनगर।** निर्माण कार्य के कारण जहां इस समय कई सवारी ट्रेनों का संचालन ठप है। वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों के लिए भारी परेशानी का कारण बनती जा रही है। लोगों का कहना है कि दीपावली के साथ राज्य का प्रमुख पर्व छठ नजदीक आ गया है। ऐसी स्थिति में रेल प्रशासन द्वारा गलत समय पर कई अहम ट्रेनों को बंद कर दिया गया है। सर्वाधिक परेशानी दिन में डेहरी आनसोन जाने वाले यात्रियों को हो रही है। सुबह जाने वाली बरवाडीह-डेहरी आन सोन पैसेंजर ट्रेन का संचालन सिर्फ गढ़वा रोड तक ही किया जा रहा है। ऊपर से ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों के लिए दोतरफा मार का कारण बन रही है। लोगों ने रेलवे के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### बस पडाव पर जाम से लोग बेहाल



**मेदिनीनगर।** बस पडाव पर नित्य प्रति लगने वाले भीषण जाम से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि बस पडाव पर बेतरतीब खड़े वाहन ही जाम का प्रमुख कारण हैं। वहां पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं किये जाने से समस्या दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। लोगों ने एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती किये जाने की मांग की है।

### कुष्ठ रोगियों की संख्या में हो रहा है इजाफा, 500 रोगी हैं इलाजरत



**मेदिनीनगर।** पलामू में कुष्ठ रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। फिलहाल जिले में पांच सौ रोगी ऑन ट्रिटमेंट हैं। चैनपुर प्रखंड सर्वाधिक कुष्ठ के 84 रोगी हैं। जबकि सबसे कम मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में पांच रोगी हैं। जिला कुष्ठ निवारण विभाग के कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता ने बताया कि इसका मुख्य कारण है कि पहले की तुलना में ट्रैकिंग ज्यादा से ज्यादा हो रहा है। वहीं कुष्ठ को लेकर लोगों में जागरूकता भी आई है। पहले कुष्ठ होने पर लोग इलाज कराने नहीं पहुंचते थे। दैवी शक्ति का प्रकोप मानकर गांव-घरों में झाड़फूड या ग्रामीण इलाज पर निर्भर रहते थे। लेकिन स्थिति बदली है अब जिन लोगों के चमड़े पर दाग और दाग में सुनापन है,वैसे लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला मुख्यालय में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय से इलाज कराया जाए तो कुष्ठ ठीक होने वाला बीमारी है। यदि समय पर इलाज नहीं हो तो इससे अपंगता भी आ सकती है। पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड में 55, हुसैनाबाद में 80, छतरपुर में 49, विश्रामपुर में 40, मनातू में 12, पाटन में 53, पांकी में 22, लेस्लीगंज प्रखंड में 63, चैनपुर प्रखंड में 84, सदर प्रखंड में 37 और मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में कुष्ठ के पांच रोगी इलाजरत हैं।

---

### उपनगर आयुक्त ने गांधी उद्यान का किया औचक निरीक्षण

# सार्वजनिक स्थलों से होती है शहर की पहचान : अनवर हुसैन

**उद्यान की सुरक्षा और रख-रखाव का लिया जायजा**

**शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग का किया आह्वान**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के उप नगर आयुक्त सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बुधवार की देर शाम गांधी उद्यान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान की सुरक्षा व रख-रखाव व्यवस्था का जायजा लिया । पार्क में घूमने आये लोगों और बच्चों से मिलकर फीडबैक लेते हुए उन्होंने सभी से शहर को स्वच्छ व प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहर के बीचोबीच स्थित गांधी पार्क लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। देश-दुनिया में किसी भी शहर की पहचान वहां के सार्वजनिक स्थलों से ही होती है। ऐसे में सभी लोग पार्क को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना सहयोग अवश्य दें। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास है कि पूरे शहर में ऐसे और स्थल विकसित किये जायें ताकि मेदनीनगर की पहचान एक खूबसूरत शहर के रूप में हो और यह शहर स्वच्छता की रैंकिंग में हमेशा अव्वल रहे।

### गांधी उद्यान में चाय के साथ लें महिला एशियन चैंपियंस ट्राफी मैच का आनंद




**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के गांधी उद्यान में रोज शाम को चाय के साथ महिला एशियन चैंपियंस ट्राफी 2023 मैच के लाइव प्रसारण का आनंद उठाया जा सकता है। उद्यान में हरे - भरे खुशबूदार पौधो से युक्त मनमोहक नजारों के बीच खाने-खिलाने के आनंद के साथ मैच देखना रोमांच से परिपूर्ण होगा। यहां लोग भाग दौड़ से दूर सुकून के दो पल गुजार सकें। इसकी व्यवस्था नगर निगम ने की है। गुरुवार की शाम लाइव प्रसारण का विधिवत उद्घाटन नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं उप नगर आयुक्त सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने किया। नगर आयुक्त ने इसे सराहनीय पहल करार दिया है।

---

### नियम के तहत होगा एमडीओ का चयन : अपर समाहर्ता

# 10 बालू घाटों की आज प्रकाशित होगी ई-निविदा

**बालू घाट संचालन को निविदा प्रकाशन के लिए हुई बैठक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में मेसर्स झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के अंतर्गत बालूघाटों के संचालन के लिए जिलास्तरीय निविदा समिति की बैठक गुरुवार को अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैटेगरी-(2) ए व बी के बालूघाटों से सम्बंधित एमडीओ चयन के लिए भेजी गई सूची प्रस्तुत किया गया। इस दौरान 10 बालूघाटों के निविदा प्रकाशन को लेकर चर्चा की गयी। जिसके उपरांत जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा 3 नवंबर को एमडीओ चयन हेतू वेबवाइट पर ई-निविदा प्रकाशन का निर्णय लिया गया। यह निविदा सरकार द्वारा बनाए गये नियमों के तहत प्रकाशित किया जायेगा। बैठक में पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता एवं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे। एमडीओ चयन को लेकर ई-निविदा प्रकाशित की की जाने वाली घाटों की सूची इस प्रकार है। मौजा-दंगवार, कैटेगरी-बी, रकबा- 38.43हेक्टेयर, अंचल-हुसैनाबाद-नदी-सोन, मौजा-परता, कैटेगरी-बी, रकबा-30.45 हेक्टेयर, अंचल-हैदरनगर-नदी-सोन, मौजा-कबराकला, कैटेगरी-बी, रकबा-हेक्टेयर, अंचल-हैदरनगर, मोहम्मदगंज-सोन, मौजा-लालगडा, कैटेगरी-बी-रकबा-26.27 हेक्टेयर, अंचल-विश्रामपुर-नदी-उत्तरी कोयल, मौजा-जैतूखांड़, कैटेगरी-बी-रकबा-18.21 हेक्टेयर, अंचल-पाटन, मेदिनीनगर, नीलाबंर-पितांबरपुर-नदी-मानत, मौजा-कांके खुर्द, कैटैगरी-ए-रकबा-4.08 हेक्टेयर, अंचल-पाटन-नदी-अमानत, मौजा-मिसिर पतरा, कैटगरी-बी-रकबा-29.64 हेक्टेयर अंचल-लेस्लीगंज, तरहसी नदी-अमानत, मौजागुरतूरी, कुम्हराडीह, कैटगरी-बी-रकबा-16.89 हेक्टेयर, अंचल-तरहसी-नदी अमानत, मौजा-बिरितिया डंडार, कुम्हराडीह, कैटेगरी-बी-रकबा-30.29 हेक्टेयर, अंचल-तरहसी, पांकी-नदी-अमानत, मौजा-बरवैया, कैटेगरी-ए-रकबा-4.88, हेक्टेयर अंचल-तरहसी पांकी-नदी-अमानत शामिल हैं।

### उंटारी रोड के समीप ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में दो गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के चेचरीया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप बुधवार की शाम सात बजे ट्रैक्टर और बाईक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में नावाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह कुटमू गांव निवासी युगल किशोर तिवारी व महेश्वर विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। एसआई रमेश चंद्र महतो व एएसआई राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर घायलों को उपचारार्थ अस्पताल भेजवाया। खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर स्वामी का पता नहीं चल पाया था।

---

### कोयल नदी के किनारे भी शूट किये गये सीन

# एक्टर श्रवण ठाकुर ने लेस्लीगंज शिव मंदिर में की शूटिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** मुम्बई के एक्टर एंड डायरेक्टर सह कोरियोग्राफर श्रवण ठाकुर ने सह कलाकारों के साथ झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ के मनोरम स्थलों पर शूटिंग करने के बाद लेस्लीगंज थाना परिसर में शिव चेतना भक्ति गाना का शूटिंग किया। श्रवण ठाकुर ने बताया की वह छत्तीसगढ़ के तातापानी में भी विशालकाय शिव मूर्ति के सामने शिव चेतना का वेग गाने का फिल्मांकन किया है। साथ ही पलामू के लेस्लीगंज के हनुमान मंदिर में भी भक्ति गाना शूट किया गया। इस दौरान एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी,रंजीत कुमार साव सहित अन्य जवानों ने सहयोग किया। इससे पूर्व श्री ठाकुर डालटनगंज के राम जानकी मंदिर एवं कोयल नदी के किनारे छठ गीत व प्रभु श्रीराम से संबंधित भक्ति गीत की शूटिंग की थी। अलग-अलग गानों में अभिनेत्री की भूमिका काजल राज, उर्वशी एवं श्रवण ठाकुर के साथ कैरियर की शुरूआत करने वाली कंचन कुमारी सहानी निभा रही हैं। गीतकार शशिभूषण सिंह संतोष व गायक राजा सिन्हा, नीशी राज, पंकज कुमार हैं। कैमरा मैन सुरेंद्र कुजुर, लाईन प्रोड्यूसर धिरेंद्र कुमार व दिव्य हर्ष ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। एल्बम की प्रोड्यूसर सीमा देवी हैं।

### कैंब्रिज स्कूल में कौशल विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन

# अध्यापकों को दी गई नवीन शिक्षण पद्धति की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबियाखड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के कौशल विकास हेतु अलग-अलग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक सिया चरण सिंह एवं प्राचार्य इ.नंदकिशोर भारती ने किया। कार्यशाला में शिक्षकों को नए एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति संबंधित कई जानकारियां दी गई। इस दौरान बच्चों की प्रतिभाओं को परखने एवं उनमें निखार लाने संबंधित कई सुझाव भी दिए गए। कार्यशाला में शिक्षकों को छात्रों के सन्दर्भ व आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन के परिवेश विकसित करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। प्राचार्य एनके भारती ने कहा कि विद्यार्थी तभी अच्छा सीख पायेंगे जब वे अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उक्त अवसर पर आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओं की सहभागिता विषय पर वाद-विवाद/भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मौके पर शिक्षक पूनम तिवारी,तान्या वर्मा, रीता सिन्हा,साब्या कुमारी, प्रिया रंजनी कुमारी, निभा कुमारी, स्नेह सुरभि, अर्चना कुमारी, शिखा कुमारी, सृष्टि कुमारी, स्वर्णा तिवारी, काजल कुमारी, सुनीता पांडेय,पूजा गुप्ता, प्रशांत आइंद, अर्चना पांडेय, रुपाली सिंह, ऋषिका श्रीवास्तव, विरेन्द्र सिंह, राकेश उपस्थित थे।

---

### झारखंड क्रांति मंच की केंद्रीय सचिव ने उठाई आवाज

# कण्डा-खमडीहा मार्ग का मरम्मत न होने से रोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड की पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने कण्डा-खमडीहा मार्ग का मरम्मत न होने पर व्यापक रोष जताया है। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पूर्व पीएमजीएसवाई योजना के तहत उक्त मार्ग का निर्माण करया गया था। तब से एक भी बार मरम्मत न कराये जाने से सडक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे नागरिकों को आवागमन करने में भारी परेशानी उठानी पड रही है। जबकि इस संबंध में स्थानीय विधायक/सांसद के साथ जिला प्रशासन को भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी सड़क का मरम्मत नहीं किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उक्त सडक दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के कृषि व व्यवसायिक गतिविधियों का लाइफलाइन बन चुका है। लंबे से समय से सडक की मरम्मत का गुहार लगाकर थक चुके ग्रामीण अब आंदोलन का मन बना चुके हैं।

# बिहार की तर्ज पर युवाओं को मिले रोजगार : जदयू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जदयू के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने कहा है कि देश से बेरोजगारी दूर करने के लिए युवाओं को बिहार की तर्ज पर रोजगार मुहैया कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जहां 130000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। वहीं 120000 शिक्षकों की नई बहाली हेतु विज्ञापन भी निकाला जा रहा है। इससे बिहार के बेरोजगारों में खुशी की लहर व्याप्त है। यदि केंद्र सरकार भी उसी तर्ज पर काम करे तभी बेरोजगारी को दूर किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि यदि देश में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनती है तो बिहार की तर्ज पर पूरे देश में बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। बेलवाटीकर स्थित जिला कार्यालय में आयोजित वार्ता में महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष अवध किशोर

---

**सेवा** | माता पिता के गुजरने के बाद से मिशन में जुटे है शिवेंदु शेखर वर्मा

# गौ-वंश की सेवा को 15 लाख में अपने घर को रखा गिरवी

**गौ सेवा के कारण ही ला ग्रेजुएट होने के बाद भी बार एसोसिएशन में पंजीकरण भी नहीं कराया : शिवेंदु शेखर वर्मा**

**घायल गाय के बारे में पता चलते ही वे तत्काल उसे अपने पास ले आते है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माता-पिता के देहांत के बाद पलामू जिले के शिवेंदु शेखर वर्मा को गौ सेवा का ऐसा जुनून जगा कि इस कार्य के लिए अपने घर को 15 लाख रूपये में गिरवी रखकर वे अभियान में तल्लीन हो गये हैं। वहीं सालाना 15000 रुपए की दर से जमीन का एग्रीमेंट कराकर वह घायल गायों को गोशाला में लाकर उनकी सेवा कर रहे हैं। गाय के प्रति इनकी इतनी श्रद्धा भक्ति है कि घायल गाय के बारे में पता चलते ही वे तत्काल उसे अपने पास ले आते हैं। शिवेंदु ने बताया कि वर्ष 2014 में उनकी मां गुजर गई। जिसके बाद उनका जीना मुश्किल हो गया था। पक्षियों व जीव- जंतुओं में वे अपनी मां को ढूंढने लगे। इसी दौरान एक दिन उन्हें सड़क किनारे लावारिस बछड़ा दिखा। जिसे वे अपने घर ले आए। उसके बाद मां की बरसी के दिन एक बछिया कहीं से भटककर खुद ब खुद घर पर आ गई। जिसके बाद उन्होंने गाय की सेवा करना शुरू कर दिया। कोरोना काल में उनके सिर से पिता का साया भी उठ गया। उसके बाद तो उनका मन पढाई से भी उचट गया तथा वे पूरी तरह से गौ सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बना लिये हैं। धीरे-धीरे गायों की संख्या भी बढने लगी। वर्तमान में उनके गोशाला में 42 गाय हैं। कार्य में उन्हें अपनी बहनों से भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। गायों की सेवा के लिए खमडीह गांव में एग्रीमेंट पर जमीन लेकर गौशाला बनाई है। गोसेवा के कारण ही ला ग्रेजुएट होने के बाद भी उन्होंने बार एसोसिएशन में पंजीकरण भी नहीं कराया। सडक पर मिले बीमार अथवा दुर्घटनाग्रस्त गायों का वे खुद ही उपचार करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। जिनमें 33 कोटि के देवी-देवता विराजमान रहते हैं.। गौ वंश की सेवा कर उन्हें माता-पिता की सेवा करने जैसा प्रेम मिलता है।

### मणिकांत को मिला महाराष्ट्र का प्रभार



**मेदिनीनगर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास द्वारा राहुल गांधी की महत्वाकांक्षी परियोजना यंग इंडिया के बोल (सीजन 4) के लिए कॉर्डिनेटर व प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसके तहत झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह को महाराष्ट्र का सह प्रभारी बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना खान ने बधाइयां दी हैं।

## गागर में सागर

### डायन कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत में गरिमा परियोजना के अन्तर्गत डायन- कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि डालसा के सचिव राजेश कुमार (जिला जज ) द्वारा डायन कुप्रथा की कानूनी प्रवधान को विस्तृत रूप से बतलाई गई साथ ही समाज की प्रत्येक गतिविधि पर इसे शामिल करने को कहा गया। साथ ही डालसा के गतिविधि एवं इससे मिलने वाले लाभ को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। साथ ही समाजिक स्तर पर बच्चों पर होने वाले यौन प्रताडना पर भी प्रकाश डाला गया। जिला प्रबंधक अनिता केरकेट्टा द्वारा सामाजिक विकास का संदेश दिया गया। इस अंधविश्वास और कुप्रथा से दूर रहें। शिक्षा पर जोर देने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में सहिया, नर्स, डॉक्टर से बीमारी का इलाज कराने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी का दौर मॉडर्न, वैज्ञानिक और डीजिटल युग है। अतः हम भूतकाल समय में क्यों जिएं? इसलिए वतार्मान में इस अंधविश्वास के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस द्वारा स्वागत संदेश कर जनसुनवाई की गतिविधि का संक्षिप्त वाक्यांश प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र, भागवत खेरवार, सीरम पंचायत के मुखिया, जिला प्रबंधक विनोद होरो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा, थाना प्रभारी जोबांग थाना रामेश्वर तिवारी, प्रखंड कर्यक्रम प्रबंधक राजेन रोशन केरकेट्टा, सखी मंडल के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुडूख कला दल द्वारा विगत समय में जागरूकता नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही, जागरूकता गीत के माध्यम से डायन कुप्रथा पर संदेश भी दिया गया। मुखिया भागवत खेरवार द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत स्तर पर डायन कुप्रथा के समस्या को सख्ती पूर्वक कार्यवाई करने एवं इसे कानूनी रूप से पीड़िता की सहायता के तैयार रहने की बात कही। रविंदर सिंह खेरवार ने डायन प्रथा को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही बच्चों की शिक्षा, स्वस्थ्य सेवा, महिला स्वस्थ्य पर जोर दिया सखी मंडल एवं ग्राम संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया गया। इस तरह की समस्या होन पर समाधान की हर संभव मदद देने की बात कही गई। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा की अगुवाई में विगत एक माह से सम्पन्न हो सम्पन्न किया गया है जिसमें पेशरार प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंध के माध्यम के कलस्टर की आईपीआरपी मनीषा केरकेट्टा एवं सीसी विनोद कुमार आदि मौजूद रहे

### त्वरित भाषण में रोशनी उरांव द्वितीय



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में गुरुवार को क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। भागलपुर के कहलगांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। रोशनी उरांव को त्वरित भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ और आचार्य पत्र वाचन में नीतू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य प्रदर्शन में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल थी। मार्गदर्शक आचार्य टोली में कविता कुमारी शामिल थी। सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ऋण चुकाओ, सुकून पाओ शिविर 8 को

**भंडरा।** बैंक ऑफ इंडिया की भंडरा शाखा में 8 नवंबर को ऋण चुकाओ सुकून पाओ शिविर का आयोजन किया गया है। शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में पुराने ऋण धारकों को ऋण से मुक्ति हेतु समझौता के तहत ऋण मुक्त करने प्रयास किया जाएगा। भंडरा प्रखंड क्षेत्र में बहुत से ऋणधारक अपना ऋण चुकता नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए यह सुनहरा अवसर है, जिसमें ऋण धारक उपस्थित होकर अपना ऋण चुकता कर ऋण मुक्त हो सकते हैं।

### भंडरा से कैरो भाया आकाशी सड़क का निर्माण कार्य दो वर्षों से अधूरा

# ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय उदासीनता ने बढ़ाई लोगों की समस्या

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

ठेकेदार की लापरवाही एवं विभागीय उदासीनता के कारण भंडरा से कैरो भाया आकाशी सड़क का निर्माण कार्य दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क निर्माण कार्य की प्रारंभ तिथि 20 जुलाई 2022 थी। सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करने की तिथि 19 जुलाई 2023 थी, परंतु ठेकेदार के मनमाने तरीके से काम करने के कारण आज तक इस सड़क का निर्माण कार्य आधा भी नहीं हो सका है। भंडरा से आकाशी तक सड़क की स्थिति बदतर हो गई है। सड़क बनाने के नाम पर ठेकेदार द्वारा सड़क की खुदाई कर 6 महीने से छोड़ दी गई है। इसके कारण इस रास्ते में चलने वाले राहगीरों, वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, परंतु संबंधित ठेकेदार पर विभाग की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस सड़क निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्या पहले से भी बदतर हो गई है, परंतु ग्रामीणों की समस्या पर जनप्रतिनिधियों का ध्यान बिल्कुल भी नहीं है।









भंडरा से केरो भाया आकाशी सड़क भंडरा प्रखंड की सबसे महत्वपूर्ण सड़क है। इस सड़क से हजारों की संख्या में रोजाना आम लोग रेलवे स्टेशन आकाशी जाते हैं। इसके साथ ही इसी सड़क पर भंडरा थाना, सभी विद्यालय, अखिलेश्वर धाम पड़ता है। यह सड़क भंडरा एवं केरो प्रखंड को जोड़ने वाली सबसे कम दूरी वाली सड़क है। इसका प्रयोग दोनों प्रखंड के ग्रामीण करते हैं। सड़क के महत्व को देखते हुए इस सड़क के निर्माण कार्य करने का निर्णय लिया गया था, परंतु ठेकेदार की मनमानी एवं विभाग की उदासीनता इस सड़क के निर्माण में बाधक बनी हुई है। इस सड़क से चलने वाले लोगों को समस्या झेलते रहने के लिए विवश होना पड़ा है।

भंडरा से केरो भाया आकाशी लगभग 13 किलोमीटर पथ का निर्माण 5 करोड़ 77 लाख 59 हजार 340 रुपये की लागत से किया जाना है। इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल लोहरदगा द्वारा करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा इस सड़क के निर्माण में अभिरुचि नहीं दिखाई जाने के कारण ठेकेदार मनमानी रूप से कम कर रहा है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता की शिकायत भी स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं। सड़क बनाने के क्रम में बनडा से उतका तक बनाई गई सड़क में अनियमितता के कारण सड़क बनने के साथ ही ऊंची नीची हो गई है। इसकी जांच ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल के सहायक अभियंता अमित कुमार एवं कनीय अभियंता जितेंद्र पंडित द्वारा की गई है। दोनों तकनीकी पदाधिकारी ने जांच के बाद बताया कि कार्य में जहां भी कमी हुई है उसे सुधार करने का निर्देश साहिल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिया जा रहा है। वहीं भंडारा से आकाशी तक के काम को तेजी से करने का निर्देश दिया जा चुका है।

# तालाब में नहाते वक्त युवती की डूबकर मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू थाना क्षेत्र के विश्रामगढ़ गांव स्थित जंगल टोली तालाब में डूबने से विश्रामगढ़ निवासी संजवा उरांव की 25 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वो गुरुवार को अपने घर की अन्य महिलाओं के साथ तालाब में नहाने गई थी। नहाते नहाते वो तालाब के गहरे पानी में चली गयी और डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा सदर भेज दिया।

**दस दिनों में पानी में डूबकर पांचवीं मौत :** करीब दस दिनों में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पांच लोगों की मौत पानी में डूबकर होने से क्षेत्रवासी हलकान है। ज्ञात हो कि 21 अक्टूबर को दोबा टाकू गांव में किसको थाना क्षेत्र के आनंदपुर निवासी परमेश्वर तिग्गा की मौत कुएं में डूबकर हो गयी थी। 23 अक्टूबर को कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट कुंदों पिपराटोली निवासी संतोष उरांव की 12 वर्षीय पुत्री आशी आदिति लकड़ा की मौत कुएं में डूबने से हुई थी। 30 अक्टूबर को बढकी चापी पंचायत के होटवार गांव के एक कुएं में किसको निवासी लोकनाथ उरांव, पिता लक्षु उरांव का सड़ा गला शव पुलिस ने बरामद किया था। 1 नवंबर की शाम सलगी पंचायत अंतर्गत गर्भू टोली के चौकीदार सुरेंदर राम, पिता स्व. रामदास राम की कुए में डूबने से मौत हो गयी। अब लगातार दूसरे दिन किशोरी की भी मौत तालाब में डूबने से ही हो गयी।

### चौकीदार की कुएं में डूबने से मौत पर संघ ने जताया शोक

**कुडू।** थाना क्षेत्र के सलगी गर्भू टोली निवासी चौकीदार सुरेंदर राम केरकेट्टा आक्समिक निधन पर चौकीदार संघ ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक प्रकट करने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजू कुमार राम, अजय पासवान, सुफेदा खातून, मालती देवी, सुमित्रा उरांव, काजल देवी, शेख निजाम, बबलू उरांव, क्लेशर लोहरा, मंगरा उरांव, शेरा उरांव, देवेंद्र महली, महादेव प्रासाद शामिल हुए। राजू राम ने बताया कि मृतक के परिजनों को संघ की ओर से पांच हजार रुपये नकद सहायता राशि दी गयी।

# रोजगार मेले में 82 युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा आईटीआई के प्राचार्य एवं एवं आईटीआई के इंस्ट्रक्टर परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा विभाग एवम प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 10 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 230 प्रतिभागी ने पंजीकरण करवाया जिसमें से 157 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 82 लोगों को ऑफर लेटर का वितरण किया गया।

# व्यवसाय शुरू करें तो धैर्य रखें, घबराए नहीं : डीसी

### किस्को में आयोजित 25 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची की ओर से प्रायोजित विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचित जाति के गण टपटेप, कारपेट दरी, शिल्पकारों के कौशल विकास हेतु आयोजित 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिले के किस्को प्रखंड के परहेपाट पंचायत में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए।




कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत नियमित रूप से इस हुनर का नियमित प्रैक्टिस करने की आवश्यकता है। पारंपरिक डिजाइन के साथ-साथ नई अत्याधुनिक डिजाइनों को इसमें लाया जाना चाहिए। रंगों के संयोजन को जानना होगा। साथ ही, जो पहले से इस क्षेत्र में हैं, उनसे भी सीखने की आवश्यकता है। क्रियेटिविटी लाने की आवश्यकता है। उत्पाद यूनिक होगा तभी बाजार में मांग होगी। बाजार की मांग के अनुरूप प्रयासरत रहना होगा। उपायुक्त ने कहा कि सबसे चुनौतीपूर्ण होता है किसी भी व्यवसाय को शुरू करने के बाद उसमें बने रहना। जब कोई व्यवसाय शुरू करें तो धैर्य रखें, घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने प्रशिक्षणार्थियो को सफलतापूर्वक पूर्णता के लिए बधाई दी। उपायुक्त द्वारा कुल 20 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

**प्रशिक्षणार्थियों ने दिखाई कारीगरी :** उपायुक्त के समक्ष प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कारीगरी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने उनका हौसला बढ़ाया और टिप्स दिए। मौके पर उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, खरकी पंचायत की मुखिया राजमनी उरांव, बीपीओ सुदर्शन, सोसाइटी फॉर इंप्लायमेंट ऑफ रूरल वीमेन (सर्वो) किस्को लोहरदगा की निदेशक सुखमनी लकड़ा, मास्टर ट्रेनर अमोलिना सारस समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी व संस्था से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

# घाघरा में डीआईजी कप क्वालिफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन, प्रतिभा खोज उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा में जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक के अंतर्गत डीआईजी कप क्वालिफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन डीआईजी रविंद्र भगत सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अंडर टूवेल्व बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज करना है। उद्घाटन मैच जटिया स्कूल बनाम चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के बीच खेला गया। इसमें जटिया स्कूल की टीम नियत समय में चार गोल दागे, जबकि चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल की टीम ने एक गोल किया। इस तरह जटिया स्कूल की टीम 4- 1 से विजयी रही। इसके पूर्व बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अंडर 12 के



खिलाड़ियों का चयन करना है और उन्हें दिल्ली में आयोजित खेल में शामिल कराना है। खिलाड़ियों के चयन के बाद उन्हें किट एवं कोच के द्वारा अभ्यास कराया जाएगा तथा मार्च में उन्हें दिल्ली भेजा जाएगा। गुमला सहित अन्य जिलों के खिलाड़ियों को प्रदर्शन का मौका दिया जाएगा। मौके पर अनिरुद्ध चौबे ने डीआईजी श्री भगत के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को खस्सी टूर्नामेंट प्रथा से बाहर निकाल दिल्ली में आयोजित खेल में शामिल कराना बेहतर सोच है। मौके पर अनिरुद्ध चौबे, चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक बिजय साहू, जनार्दन भगत, बिंदेश्वर साहू, दयाल उरांव, मोतीलाल साहू, भूषण बड़ाइक, रश्मि टोप्पो, नजमुद्दीन अंसारी, तारामणि देवी आदि उपस्थित थे।

### कार्तिक उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज

**लोहरदगा।** जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में कार्तिक उरांव लोहरदगा जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे से नदिया स्कूल मिनी स्टेडियम में प्रतिभा केंद्र लोहरदगा बनाम हिरही फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा। मैच के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं उद्घाटनकर्ता पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हरीश बिन जमा होंगे। फुटबॉल मैच के आयोजन के साथ-साथ आयुष केंद्र के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां निशुल्क जांच के साथ-साथ निशुल्क दवा भी वितरण किया जाएगा। मैच की समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# महीनों से बंद पेयजलापूर्ति संयंत्र केंद्र से सामान चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

महीनों से बंद पड़े पेयजलापूर्ति संयंत्र केंद्र से सामान की चोरी हो गई। इसमें तीन मोटर सहित लोहे की सीढ़ी एवं एंगल शामिल है। मामले की जानकारी होते ही ग्राम जल स्वच्छता समिति सह कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली ने कैरो थाना में मामला दर्ज कराते हुए चोर को जल्द से जल्द पकड़ कर कार्यवाई करने की मांग की है। अगर मौजूदा समय में जलापूर्ति बहाल रहती तो शायद सामान की चोरी नहीं होती। अब ग्रामीणों के समक्ष पानी की परेशानी लंबे समय तक बने रहने की संभावना दिख रही है। गौरतलब है कि करोड़ों के खर्च पर शुद्ध पेयजल के लिए लगी जलमीनार मात्र शोपीस बनकर प्रखंड की शोभा बढ़ाने का काम



कर रहा है। जलापूर्ति विगत कई महीने से बंद है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा पानी की व्यवस्था तो हर घर कर दिया गया है लेकिन जलापूर्ति ठप रहती है। अगल बगल का चापानल खराब रहने कारण हमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों की गैरजिम्मेदारी और लापरवाही का परिणाम है बाधित जलापूर्ति।

## सफलता की कहानी

### कभी ससुर की पेंशन पर निर्भर परिवार को अच्छी आमदनी कर बनाया आत्मनिर्भर

# सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि ने बदला किसान जिरामनी का जीवन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू की पंडरा पंचायत के जिलिंग गांव की रहने वाली जिरामनी बोदरा का विवाह 2011 में हुआ। जिरामनी गृहिणी हैं जो अच्छे से अपने बच्चों, पति और सास ससुर की सेवा करती हैं। जिरामनी कहती हैं कि महिला मंडल से जुड़ने से उनको बहुत तरह की जानकारी मिली। इससे प्रेरणा भी मिली। उनको यह पता चला कि महिला मंडल से ऋण लेकर वह खेती बाड़ी कर सकती हैं, घर बना सकती हैं, अपने लिए छोटा व्यवसाय खोल सकती है, बच्चों की पढ़ाई के लिए ऋण महिला मंडल से ले सकती हैं। जिरामानी का पारिवारिक खर्च पूरी तरह से उनके ससुर की पेंशन पर निर्भर रहता था। उनके ससुर पुलिस में थे जो वर्ष 1998 में रिटायर्ड हो चुके हैं, किंतु समय के







साथ-साथ घर का खर्च बढ़ने लगा। बच्चे बड़े हो गए जिनको आज के हिसाब शिक्षा भी देनी थी। इसको लेकर वह काफी चिंतित रहा करती थीं। उस दौरान जिरामनी ने अपने एसएचजी से प्रथम ऋण 6 हजार रुपये लिया, जिसमें उन्होंने कुल 32 डिसमिल में करेला की खेती की। इसमें कुल 20 हजार रुपये की आमदनी हुयी थी, जिससे वह काफी खुश हुई और उनका पूरा परिवार खेती करने में जुट गया।

जिरामनी ने बताया कि सास-ससुर की अवस्था हो चुकी है, जिससे वो अभी घर में ही बैठे रहते हैं और बहुत कम ही खेती-बाड़ी में योगदान दे पाते हैं। इससे वह अकेले खेती में परेशान हो जाया करती थी, किंतु जब उन्हें सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से खेती के बारे में पता चला, तो उन्होंने बिना किसी देर के अपना पंजीकरण जायका परियोजना में करवाया और सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से खेती करने में जुट गयीं। जिरामनी बोदरा ने सर्वप्रथम सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से मटर की खेती की, जिसमें 5660 रुपये खर्च करके 21,797 रुपये की आमदनी हुई। जिरामनी ने देखा कि मात्र 25 डिसमिल खेती से उनको अच्छी आय प्राप्त हो रही है। जिरामनी प्रत्येक मौसम में 28 हजार रुपये से 30 हजार रुपये की आमदनी कमा लेती हैं। इससे प्रेरित होकर उन्होंने बिना किसी सोच विचार के और 25 डिसमिल में सब्जी खेती करने की सोची। आज जिरामनी पूरे 50 डिसमिल खेत में सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से सब्जी खेती कर रही है और उनको अच्छी आमदनी भी प्राप्त हो रही है। जब उनको टपक विधि से अच्छी आमदनी प्राप्त होने लगी, तो उन्होंने अपने घर में ही सोनाली मुर्गी पालन करने का निर्णय लिया। उन्होंने उस पैसे से कुल 40 सोनाली मुर्गी की खरीदारी की जिनका पालन वह अच्छे से कर रही है, जिससे उनको अच्छी आमदनी भी होने की उम्मीद है।

जिरामनी अब सूक्ष्म टपक विधि से खेती के साथ साथ अपने सास-ससुर की सेवा भी कर लेती है और अपने बच्चों को सिमडेगा के जाने माने स्कूल में पढ़ा रही हैं। जिरामनी अपने अनुभव से कहती हैं कि सूक्ष्म टपक विधि से खेती करने से उनकी फसलों में तोड़ाई की सख्या बढ़ जाती है और समय बहुत बचता है और पानी की बचत भी होता है। वह सूक्ष्म टपक विधि से खेती करने हेतु घर में बोरिंग भी करवाई है। वर्तमान में जिरामनी ने फ्रेंचबीन की खेती की हुयी हैं, जिसमे फुल आना शुरू हो गया है। इससे उनको बीन फसल से अच्छी आमदनी प्राप्त होने की उम्मीद है।

### आरपीएफ एसआई ने मुक्तिधाम में लगाया वाटर सिंटेक्स

**लोहरदगा।** हरमू (भक्सो) मुक्तिधाम में रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार राय द्वारा अपने पूर्वजों की याद में पानी की टंकी (सिंटेक्स) एवं अन्य सामग्री लगवाई गई। मुक्तिधाम में पूर्व में एक पानी की टंकी थी, अब दो पानी की टंकी होने से आने वाले लोगों को और सुविधा प्राप्त हो सकेगी। मौके पर केंद्रीय मुक्तिधाम के संरक्षक कवलजीत सिंह एवं अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (मन्ना) ने कहा कि मुक्तिधाम ही स्वर्ग का द्वार है और इस पुण्य कार्य के लिए हम सभी रंजीत कुमार राय का आभार प्रकट करते हैं। आभार प्रकट करने वालों में गोपाल गोयल, विनोद सिंह, सोहन साहू, सूरज अग्रवाल ,बरज सिंह, उदय दत्ता, रोहित साहू, संतोष लकड़ा, सीताराम गुप्ता, दिगंबर साहू, सुमन साहू, प्रवीण चौरसिया, संजय बर्मन जयप्रकाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, धर्मेंद्र भगत आदि शामिल हैं।

